जैसे फासीवाद ने दुनिया को द्वितीय विश्व युद्ध की गर्त में धकेला उसी तरह साम्यवाद ने हम पर सबसे बड़ी स्वास्थ्य आपदा थोप दी है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी वुहान से उपजे जिस वायरस पर पर्दा डाले बैठी रही उसने पूरी दुनिया को सबसे भयावह महामारी का शिकार बना दिया। यह दर्शाता है कि किसी एक देश में कायम तानाशाही कैसे समस्त संसार का बेड़ा गर्क कर सकती है? कुछ धार्मिक उन्मादी भी इस आपदा को और बढ़ाने में सहायक बने।

ऐसा ही एक तबका है तब्लीगी जमात का। यह सुन्नी इस्लाम की देवबंदी शाखा की एक मुहिम है जिसके दुनियाभर में आठ करोड़ से अधिक अनुयायी हैं। इस जमात के चलते दुनिया के कई देशों में हालात और खराब हो गए हैं। कहने को तो तब्लीगी जमात गैर राजनीतिक संगठन है, लेकिन उसका एकनिष्ठ लक्ष्य वैश्विक जिहाद ही है। अपने कुछ सहयोगी संगठनों की आतंकी गतिविधियों के बावजूद तब्लीगी जमात को आतंकी सगंठन नहीं कहा जा सकता। हालांकि अपने वैचारिक मुलम्मे से यह जिस तरह कम पढ़े-लिखे युवाओं को लुभाता है उससे आतंकी संगठनों को नए रंगरूट मिलने में मदद मिलती है।

यह लंबे समय तक अल कायदा से लेकर ताबिलान जैसे संगठनों के लिए नई भर्तियों में अहम भूमिका निभाता रहा है। हरकत उल मुजाहिदीन और हरकत उल जिहाद ए इस्लामी जैसे अपने खुद के संगठनों के लिए भी उसने यह आपूर्ति की है। पाकिस्तान में तब्लीगी जमात के एक प्रमुख नेता मुफ्ती तकी उस्मानी ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर दावा किया पैगबंर मोहम्मद ने जमात के एक कार्यकर्ता के सपने में आकर कोरोना का उपचार बताया कि इसके लिए बस कुरान की कुछ आयतें पढ़नी होंगी। दुनिया के कई देशों में इस जमात के इज्तेमा यानी सम्मेलन बदस्तूर जारी रहे। यह सब इसके बावजूद चलता रहा जब सऊदी अरब ने उमरा और ईरान ने पवित्र शिया स्थलों को बंद कर दिया।

भारत में तब्लीगी जमात के मुखिया मौलाना मुहम्मद साद कंधालवी ने मरकज की ताकत के नाम पर मासूम तब्लीगियों को बरगलाकर उन्हें बीमारी के मुंह में धकेल दिया। मरकज असल में इस संगठन का मुख्यालय है जो नई दिल्ली के निजामुद्दीन में है। साद का यह कहना कि ‘अल्लाह हम सभी की हिफाजत करेगा’, ईरान के शिया धर्मगुरुओं की गलती दोहराने जैसा ही था जिन्होंने अपने पवित्र शहर कोम को कोरोना वायरस का केंद्र बना दिया।

तब्लीगी जमात के इज्तेमाओं ने दक्षिण पूर्व एशिया से लेकर पश्चिमी अफ्रीका तक सुन्नी मुसलमानों वाले देशों की देहरी तक इस बीमारी को पहुंचाया। कुआलालंपुर की पेटलिंग मस्जिद में 27 फरवरी से 1 मार्च के बीच 16,000 जमातियों के जमावड़े ने कोरोना संक्रमण के बीज छह दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में बोए। इनमें ब्रूनेई, कंबोडिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। कुआलालंपुर के बाद तब्लीगी जमात का और जलसा पाकिस्तान में हुआ। यह 11-12 मार्च को लाहौर के उपनगरीय इलाके रायविंड स्थित जमात के मुख्यालय में हुआ जिसमें करीब ढाई लाख लोग जुटे। इससे पहले कि पाक प्रशासन हरकत में आता, सैकड़ों लोग वायरस के संपर्क में आ गए। उन्होंने न केवल पाकिस्तान, किर्गिस्तान और नाइजीरिया तक संक्रमण फैला दिया।

रायविंड के बाद अगला पड़ाव थी नई दिल्ली, जहां 13 मार्च से यह आयोजन होना था। हालांकि तब तक दिल्ली में कोरोना के मद्देनजर बड़े आयोजनों पर पाबंदी लगा दी गई थी, फिर भी निजामुद्दीन में जुटान हुई। इंडोनेशिया जैसे देश ने अंतिम क्षणों में

अपने यहां इज्तेमा पर प्रतिबंध लगा दिया। वहां 18 मार्च को यह प्रस्तावित था जिमसें करीब 8,800 जमाती शिरकत करते। हमारी एजेंसियों ने नई दिल्ली में इज्तेमा होने दिया। महाराष्ट्र ने समझदारी दिखाते हुए वसई में ऐसे कार्यक्रम को दी गई मंजूरी रद कर दी।

नई दिल्ली का जमावड़ा तो एक अप्रैल को तब तक रहा जब तक कि 2,346 जमातियों को वहां से निकाला नहीं गया। यह आयोजन भारत के लिए बहुत भारी साबित हुआ। इसने 22 मार्च से जारी राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की साधना में भी विघ्न डालने का काम किया।

इसमें जुटे तमाम विदेशी नागरिकों द्वारा अपने पर्यटन वीजा के बेजा इस्तेमाल ने भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की क्षमता पर भी सवाल खड़े किए। इस सबसे तब्लीगी जमात की प्रतिष्ठा को जो ठेस पहुंची उसकी भरपाई आसान नहीं होगी। इस आपदा के गुजर जाने के बाद यह संगठन इसे लेकर कुख्यात हो जाएगा कि उसके इज्तेमा के चलते कैसे कोरोना संक्रमण फैला, जो तमाम लोगों की मौत की वजह बना।

महामारी के दौरान अपनी संदिग्ध भूमिका से सुर्खियों में आने के चलते तब्लीगी जमात में बीते कुछ वर्षों से चली आ रही आंतरिक वर्चस्व की लड़ाई और तेज हो सकती है। उसकी कलह और हिंसक रूप ले सकती है। बांग्लादेश, पाकिस्तान और ब्रिटेन में जमात के कट्टर होते धड़े साद की सदारत को चुनौती दे रहे हैं।

पाकिस्तान में सेना-मुल्ला गठजोड़ खासा पुराना है। इससे सेना को भारत और अफगानिस्तान के खिलाफ आतंकी मोहरे तैयार करने में मदद मिलती है। ऐसे में तब्लीगी जमात का वैश्विक मुख्यालय नई दिल्ली में होना पाकिस्तानी सेना की आंखों में खटकता है, क्योंकि इस्लामिस्ट और आतंकी समूहों पर पूर्ण नियंत्रण ही जनरलों की घरेलू सत्ता और उनकी क्षेत्रीय रणनीति का अहम हिस्सा है। इसीलिए इस पर हैरानी नहीं कि ये जनरल पाकिस्तान में तब्लीगी जमात को नई दिल्ली समूह से इतर स्वतंत्र रूप से संचालन को उकसाते रहे हैं।

वहां जमात और फौज के बड़े गहरे संबंध हैं। इनकी दुरभिसंधि से ही आतंकी विषबेल फलती-फूलती है। जमात के सबसे बेहतरीन शागिर्दों को फौज द्वारा चुना जाता है। उनका चयन भी अमूमन जमात के रायविंड स्थित मुख्यालय से होता है जहां से चुने गए अव्वल लड़कों को चार महीने के विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है।

समय आ गया है कि भारत तब्लीगी जमात की प्रतिगामी विचारधारा से उत्पन्न खतरे को पहचाने। यह न केवल सेक्युलरिज्म और लोकतंत्र, बल्कि धार्मिक सहिष्णुता के भी खिलाफ है। चूंकि जमात राष्ट्रीय सीमाओं को भी नहीं मानती इसलिए यह राष्ट्र-राज्य तंत्र को भी चुनौती देती है। जमात ने जिस उन्माद के साथ कोरोना वायरस को फैलाने की करतूत की वह बताता है कि यह समूह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

---

बिज़नेस स्टैंडर्ड

***Date:11-04-20***

# लॉकडाउन समाप्त हो अथवा नहीं ?

**शंकर आचार्य, (लेखक इक्रियर में मानद प्रोफेसर और भारत सरकार के पूर्व आर्थिक सलाहकार हैं)**

कोविड-19 के कारण लागू तीन सप्ताह का देशव्यापी लॉकडाउन 14 अप्रैल की मध्य रात्रि को समाप्त हो रहा है। सरकार को उससे कुछ समय पहले कुछ विकल्पों में से एक की घोषणा करनी होगी: (क) लॉकडाउन की अवधि में कुछ सप्ताह का इजाफा, (ख) लॉकडाउन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना और (ग) लॉकडाउन को तत्काल पूर्ण रूप से समाप्त करना। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच बातचीत के बारे में मीडिया में आई जानकारी से संकेत निकला कि उनसे यह चर्चा की गई कि लॉकडाउन के दौरान लगे प्रतिबंधों को किस प्रकार चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाए। अन्य खबरों के मुताबिक लॉकडाउन को कुछ सप्ताह आगे बढ़ाया जा सकता है। मेरा मानना है कि हमें ऐसा नहीं करना चाहिए।कोविड-19 के खिलाफ इस जंग में लॉकडाउन चीन, अमेरिका और बड़े यूरोपीय देशों में स्वैच्छिक हथियार बना। दिलचस्प है कि जर्मनी और दक्षिण कोरिया ने लॉकडाउन को नहीं अपनाया जबकि वहां इस महामारी से होने वाली मृत्यु दर सबसे कम है। इन देशों और भारत के बीच कम से कम चार बड़े अंतर हैं जो भारत के लिए लंबे लॉकडाउन को वांछित नहीं बनाती। पहली बात तो यह कि भारत एक गरीब मुल्क है जहां औसत आय चीन की औसत आय के पांचवें हिस्से और यूरोप या अमेरिका की औसत आय के 20वें हिस्से के बराबर है। देश के 20 फीसदी परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन बिता रहे हैं। जबकि 20 से 30 प्रतिशत लोगों की हालत उनसे कुछ ही बेहतर है। इसका अर्थ यह है कि करीब आधी आबादी किसी तरह दिन काट रही है। मौजूदा लॉकडाउन जैसी स्थिति में उनके पास आय में आई कमी से निपटने का कोई जरिया नहीं है। लॉकडाउन बढ़ने पर वे अपनी बुनियादी जरूरतें भी पूरा नहीं कर पाएंगे।

दूसरी बात, देश की श्रम शक्ति का करीब 80 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में है। इनकी आय बहुत कम रहती है। यह प्राय: अनुशंसित न्यूनतम वेतन से भी कम रहती है। लॉकडाउन की स्थिति में जहां कम से कम आधी आर्थिक गतिविधियां ठप हैं, वहां रोजगार और आय के मोर्चे पर सबसे अधिक नुकसान कामगारों को ही उठाना पड़ा। टेलीविजन पर नजर आने वाले हजारों प्रवासी श्रमिक जो सैकड़ों मील चलकर अपने घरों को गए, वे इसे अच्छी तरह दर्शाते हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग द इंडियन इकनॉमी के ताजा सर्वेक्षण से पता चलता है कि मार्च के आखिरी सप्ताह में बड़े पैमाने पर रोजगार की हानि और श्रम शक्ति भागीदारी में गिरावट देखने को मिली। चूंकि यह श्रम शक्ति मोटे तौर पर असंगठित क्षेत्र में है इसलिए उसे हर्जाना देना या सुरक्षित रखना भी मुश्किल है। सरकार की आय या खपत समर्थक योजनाओं का भी उन्हें लाभ नहीं मिलेगा।

तीसरी बात गरीब देशों की तरह भारत में भी कल्याण योजनाएं यूरोपीय शैली के राष्ट्रीय कल्याण ढांचे का विकल्प नहीं हैं। हमें उनकी तरह बेरोजगारी बीमा और सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा नहीं मिलती।

चौथा, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और सेवाओं की अमेरिका और यूरोप के देशों से तुलना नहीं की जाती। यह बेहद खराब है। उन देशों में लॉकडाउन के पीछे बुनियादी दलील यह थी कि इस अवधि का इस्तेमाल अस्पताल के बेड, वेंटिलेटर और पीपीई आदि खरीदने या कोविड-19 मरीजों की बढ़ती तादाद को देखते हुए इनकी बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए इनका निर्माण करने में किया जाएगा। निकट भविष्य में यानी एक डेढ़ साल में कोविड-19 का टीका बनने तक या इसका उपचार सामने आने तक यूं ही बच बचाकर रहना होगा। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो कोविड-19 के उपचार के लिए इन सुविधाओं में इजाफा कर पाना काफी हद तक मुश्किल नजर आता है। देश में लॉकडाउन तीन सप्ताह चले या तीन महीने, हम जो चीजें 70 वर्ष में नहीं हासिल कर पाए वे कुछ सप्ताह में नहीं हासिल होंगी।

प्रश्न यह है कि मौजूदा लॉकडाउन से आर्थिक गतिविधियां ठप करने, व्यापक पैमाने पर रोजगार की हानि के अलावा क्या हासिल हो रहा है? कुछ बातें तो हो रही हैं। मसलन बीमारी का प्रसार धीमा पड़ा है। लॉकडाउन के कारण हमें अस्पताल सुविधाओं की उपलब्धता और गहन चिकित्सा के लिए जरूरी उपकरणों को जुटाने में मदद मिल रही है। स्क्रीनिंग, टेस्टिंग और क्वारंटीन करने में आसानी हो रही है। दूसरा, इसके चलते लोग नाटकीय ढंग से अपने घर में सिमट गए हैं। इससे विभिन्न प्रकार की लागत में कमी आई है।

लॉकडाउन समाप्त होने के बाद भी सामाजिक दूरी जैसे मानकों, बार-बार हाथ धोने, मास्क पहनने जैसी आदतें दीर्घकाल में काम आ सकती हैं। बड़े पैमाने पर लोगों के जमाव को भी कम किया जा सकता है। यह सही है कि भारत जैसे घनी आबादी वाले देश में जहां तमाम लोग कच्ची बस्तियों में रहते हैं इसमें से काफी कुछ नहीं हो पाएगा। बहरहाल, हमें इन लाभों की भारी आर्थिक और मानवीय कीमत चुकानी पड़ सकती है।

लॉकडाउन करने वाले अमीर देशों में इसकी लागत और लाभ को लेकर बहस चल रही है। इसे मोटे तौर पर कोविड से होने वाली मौतों के कम होने और इसकी आर्थिक कीमत के संदर्भ में देखा जा रहा है। भारत के लिए ऐसी बहस बहुत सामान्यीकृत हो जाएगी। यह समझने की बात है कि दीर्घकालिक लॉकडाउन से मौतों की तादाद बढ़ेगी क्योंकि लोगों की आय समाप्त हो गई है और उन्हें पर्याप्त पोषण तथा विभिन्न बीमारियों मसलन टीबी, डायरिया, श्वसन समस्या, दिल की बीमारियों, मधुमेह आदि का उचित इलाज नहीं मिल पाएगा। इसके अलावा भूख से भी लोगों की मौत होगी। लॉकडाउन में केवल जीडीपी का नुकसान नहीं होगा। बल्कि इस दौरान लोग कोविड से भी मरेंगे और दूसरी वजहों से भी। ज्यादातर मौतें गरीबों की होंगी। किसी को नहीं पता कि कितनी मौत होंगी। मेरा मानना है कि मौजूदा देशव्यापी लॉकडाउन को 14 अप्रैल के बाद नहीं बढ़ाया जाना चाहिए।

जैसा कि लगातार कहा जा रहा है, हमें यह भी आशा करनी चाहिए कि गर्मियां बढने के साथ कोविड-19 वायरस कमजोर पड़ेगा।

---

*Date:11-04-20*

# माकूल वक्त पर

**टी. एन. नाइनन**

कोविड-19 महामारी नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के पहले साल को बचाने सही समय पर आई है। यह साल प्रतिकूल आर्थिक रुझानों के साथ शुरू हुआ था, अर्थव्यवस्था के गैर-सरकारी हिस्से की वृद्धि दिसंबर 2019 के पहले की दो तिमाहियों में महज तीन फीसदी ही रह गई थी। राजनीतिक तौर पर मोदी नागरिकता कानून में संशोधन के बाद देश भर में उपजे विरोध एवं धरनों के चलते एक बंद-गली की तरफ बढ़ चुके थे। इस कानून की कई राज्यों ने भी जोरदार मुखालफत की और दशकीय जनगणना भी खतरे में पड़ गई। लेकिन कुछ हफ्तों में ही पूरा विमर्श बदल चुका है। नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोग हट चुके हैं, राज्य सरकारें वित्तीय सहयोग की आस में केंद्र के आगे कतार में लगी हैं और सारी आर्थिक समस्याओं को अब आसानी से कोविड-19 के दरवाजे पर धकेला जा सकता है। कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा के दौरान संसद में नहीं दिखे प्रधानमंत्री अब हरेक कुछ दिन पर राष्ट्रीय टेलीविजन पर आकर नोटबंदी वाले अंदाज में बिना किसी पूर्व सूचना के लॉकडाउन की घोषणा करते और उपदेश सुनाते हुए दिख जाते हैं। वह वैश्विक पटल पर भी उसी तरह सक्रिय भूमिका में हैं, कभी अमेरिका तो कभी ब्राजील के राष्ट्रपति उन्हें जरूरी दवाओं की आपूर्ति के लिए धन्यवाद दे रहे हैं। विपक्ष चारों खाने चित है। उसे इस संकट के समय खुद को राष्ट्रीय प्रयासों का अंग दिखाने के साथ आलोचना भी करनी है। मोदी जैसा चतुर नेता एक संकट में छिपा अवसर कभी नहीं गंवाता है और वह इसका इस्तेमाल अपनी छवि चमकाने में कर रहे हैं। पीएम-केयर्स फंड इसकी एक मिसाल है। यह डॉनल्ड ट्रंप से कुछ खास अलग नहीं है जिन्होंने कोविड महामारी का इस्तेमाल करते हुए अपने चुनौतीकर्ता जो बाइडन को टीवी स्क्रीन से दूर ही कर दिया है। हालांकि गलतियां हो रही हैं लेकिन नेता के इर्दगिर्द पूरे देश के खड़े होने पर इन आलोचनाओं से पार पाना आसान है। ट्रंप ने महामारी से निपटने में देर से कदम उठाने एवं अनाड़ीपन दिखाने को लेकर हो

रही आलोचनाओं को खारिज करते हुए चीन और विश्व स्वास्थ्य संगठन पर निशाना साधा है। वहीं मोदी ने लॉकडाउन की वजह से फंसे प्रवासी मजदूरों की समस्या पर उनसे माफी मांगी। बांग्लादेश और सिंगापुर जैसे देशों ने लॉकडाउन करने के पहले अपने नागरिकों को समय दिया था लेकिन मोदी तो सर्जिकल स्ट्राइक में यकीन रखते हैं।

युद्धकाल में बड़े नेताओं की लोकप्रियता काफी बढ़ जाती है, खासकर अगर वे बहुत अच्छे वक्ता भी हों। चर्चिल ने द्वितीय विश्व युद्ध में अपने फैसलों से नाकामी को गले लगाया लेकिन कुछ बेहतरीन भाषण भी दिए। अमेरिकी अर्थव्यवस्था भीषण आर्थिक मंदी (1929-33) से युद्ध संबंधी उत्पादन शुरू होने पर ही उबर पाई थी लेकिन इसका श्रेय रूजवेल्ट के 'न्यू डील' कार्यक्रम को दिया जाता है। जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने दूसरा राष्ट्रपति चुनाव 'आतंक के खिलाफ युद्ध' के नाम पर ही जीता था। यह युद्ध बहुत खराब मोड़ पर जाकर खत्म हुआ है लेकिन बुश तो अपने फार्महाउस में सुरक्षित हैं। लाल बहादुर शास्त्री भी एक नायक के तौर पर सामने आए क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान को रोक दिया था और नेहरू की तरह उन्हें चीन से शिकस्त नहीं खानी पड़ी थी। मोदी खुद को एक युद्धकालीन प्रधानमंत्री के तौर पर पेश करने के लिए बेचैन हैं। पिछले साल बालाकोट एयर स्ट्राइक का इस्तेमाल चुनाव का रुख अपनी तरफ मोडऩे के लिए बखूबी किया गया था जबकि हमने उस कोशिश में खुद से काफी कमजोर दुश्मन के खिलाफ अपना एक विमान भी गंवा दिया था। इस सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये पुलवामा में हुए आतंकी हमले से पैदा हुए सुरक्षा नाकामियों के सवाल दरकिनार कर दिए गए। अब मोदी के सामने कहीं अधिक वास्तविक लेकिन अलग तरह का युद्ध है जिसकी तुलना उन्होंने महाभारत से की है। अगर आप मोदी के अगले कदम का अनुमान लगाना चाहते हैं तो वर्ष 2007 का उनका एक बयान याद करें। उन्होंने स्वतंत्रता संघर्ष को 'जन-आंदोलन' बनाने में महात्मा गांधी की भूमिका की तारीफ करते हुए कहा था कि वह विकास को ऐसा ही जन-आंदोलन बनाना चाहते हैं।

गैस सब्सिडी छोडऩे के लिए चलाए गए 'गिव इट अप' अभियान की ही तरह मोदी 'जनता कफ्र्यू' लागू कर और लोगों को थाली बजाने एवं दीया जलाने को कह इसे जन-आंदोलन की शक्ल देना चाहते हैं। हालांकि इनकी तुलना 'दांडी मार्च' से नहीं हो सकती लेकिन कोविड की तरह मोदी का काम भी अभी खत्म नहीं हुआ है। इस बीच मुस्लिमों को अलग-थलग करने की कोशिश एक जन-आंदोलन में तब्दील हो चुकी है।

---

जनसत्ता

***Date:11-04-20***

# किसान की मुश्किल

**संपादकीय**

पूर्ण बंदी के इस माहौल में कल-कारखाने, दुकानें, व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, तो किसानों के सामने भी बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। कोरोना विषाणु का प्रकोप ऐसे समय में हुआ जब गन्ने, आलू, प्याज, दलहन वगैरह की फसलें खेतों में तैयार थीं और गेहूं की फसल तैयार हो रही थी। चीनी मिलें पेराई अवधि समाप्त होने से पहले ही बंद हो गयी, जिसके चलते गन्ने की बहुत सारी फसल अभी खेतों में खड़ी है। इससे गन्ना किसानों की परेशानियां समझी जा सकती हैं। अब गेहूं की फसल पक कर तैयार है, पर कटाई के लिए न तो पर्याप्त मजदूर मिल पा रहे हैं और न मशीनें। सामाजिक दूरी बना कर रहने और पांच से अधिक लोगों के एक साथ इकट्ठा न होने का नियम है, सो जहां स्थानीय मजदूर उपलब्ध हैं, वहां भी कटाई में मुश्किलें पेश आ रही हैं। इस साल थोड़े-थोड़े अंतराल पर मौसम

का मिजाज भी बदलता देखा जा रहा है। बारिश की वजह से पहले ही फसलों को काफी नुकसान पहुंच चुका है। ऐसे में गेहूं की कटाई, मंड़ाई और फिर बाजार तक पहुंचाना किसानों के लिए बड़ी चिंता का विषय बन चुका है। इसलिए किसान संगठनों की ओर से मांग उठ रही है कि सरकार इस मामले में कुछ ढिलाई बरते और किसानों के लिए भी राहत पैकेज की घोेषणा करे, जैसे मजदूरों के लिए किया है। दरअसल, खेती में काम करने वाले बहुत सारे मजदूर एक से दूसरे प्रदेशों में आवाजाही करते हैं। मसलन, कटाई के मौसम में बहुत सारे मजदूर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से पंजाब और हरियाणा का रुख करते हैं और फिर वापस अपने घर लौट जाते हैं। इसी तरह गेहूं की कटाई और मंड़ाई करने वाली बहुत सारी मशीनें राजस्थान, पंजाब और हरियाणा से दूसरे प्रदेशों में जाती हैं। मगर पूर्ण बंदी की वजह से मजदूरों और मशीनों का आना-जाना भी बाधित हो गया है। हालांकि पंजाब सरकार ने छूट दे दी है कि खेती के काम में इस्तेमाल होने वाली मशीनों के आवागमन पर रोक नहीं रहेगी। इसी तरह मजदूरों पर से भी पाबंदी हटा ली गई है। यों खेती के काम में कभी वैसी भीड़भाड़ नहीं होती जैसी दूसरी व्यावसायिक गतिविधियों में देखी जाती है। सामाजिक दूरी के तय पैमाने जितनी दूरी वहां प्राय: रहती ही है, पर खेतिहर मजदूरों की आवाजाही खोलने से खेतों के अलावा दूसरी जगहों पर इसके पालन न हो पाने का खतरा बना रहेगा। इसलिए पंजाब सरकार अगर यह छूट दे रही है, तो उसे इस पर मुस्तैदी से नजर रखने की जरूरत है। किसान खेती पर मौसम की मार के अभ्यस्त हैं। पर तैयार फसल की कटाई, मंड़ाई न हो पाए, उसे मंडी तक न पहुंचाया जा सके, तो वह दर्द असह्य हो जाता है। इस वक्त बहुत सारे मजदूर जो शहरों में दिहाड़ी करते थे या मनरेगा वगैरह में काम करते थे, वे गांवों में खाली बैठे हैं। उनकी मदद से कटाई-मंड़ाई का कुछ काम हो भी रहा है, पर पांच से अधिक लोगों के एक स्थान पर काम करने पर पाबंदी बाधा बन रही है। इतने कम लोगों से काम पूरा होना मुश्किल है। अब बंदी की अवधि में विस्तार होने के संकेत मिल चुके हैं, कोरोना संक्रमितों की पहचान और उनके उपचार की चुनौतियां बढ़ ही रही हैं। ऐसे में सरकारों को खाद्य उत्पादन का भंडारण और लोगों तक उसकी पहुंच सुगम बनाने का कोई न कोई रास्ता निकालना ही होगा।

---

राष्ट्रीय सहारा

*Date:11-04-20*

# वैश्विक नेता बनकर उभरे मोदी

**राधेश्याम सिंह यादव**




पूरी दुनिया इस समय एक बड़े संकट के दौर से गुजर रही है। इस वायरस की वजह से दुनिया भर में करीब ९० हजार लोगों की जानें चुकी हैं, जबकि १५ लाख से ज्यादा लोग संक्रमित है। दुनिया के तमाम देश इससे चिंतित और परेशान हैं। इटली, ब्रिटेन, स्पेन और जर्मनी जैसे देशों के हाथ कांप रहे हैं। अमेरिका जैसी महाशक्ति ने भी इस महामारी के आगे सरेंडर कर दिया है। इन देशों को कुछ सूझ नहीं रहा कि आखिर वो अपने लोगों की रक्षा कैसे करें। ऐसे में भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह दुनिया के तमाम बड़े देशों के नेताओं को साथ आने का न्योता दिया और भारत की ओर से मदद के हाथ बढ़ाए, उससे यह एक बार फिर साबित हो गया कि उनमें पूरे विश्व को साथ लेने और नेतृत्व करने की क्षमता है॥। इसकी एक बानगी उस वक्त देखने को मिली, जब कोरोना के हमले से हलकान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन दवा के लिए भारत के आगे हाथ फैलाना पड़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन दवा सप्लाई करने की अपील की। भारत खुद इस माहामारी से जूझ रहा है, ऐसे में उसके पास भी अपनी मजबूरी है। बावजूद इसके पीएम मोदी ने बड़ा दिल दिखाते हुए अमेरिका के साथ–साथ दूसरे देशों को भी इस दवा के निर्यात को मंजूरी दे दी। अब जब भारत ने हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने का ऐलान किया तो ट्रंप के सुर भी अचानक बदल गए। अपने एक इंटरव्यू में ट्रंप ने मोदी की जमकर तारीफ की। ॥ प्रधानमंत्री मोदी को महान नेता बताते हुए उहोंने कहा कि वो भारत की इस मदद को याद रखेंगे। अमेरिका के बाद ब्राजील ने भी इस मदद के लिए भारत का धन्यवाद किया। ब्राजील के राष्ट्रपति जेर बोलसोनारो ने पीएम मोदी के नाम अपनी चिट्ठी में लिखा कि संकट की इस घड़ी में भारत ने जिस तरह ब्राजील की मदद की है, वह बिल्कुल उसी तरह है, जैसे रामायण में हनुमान ने भगवान राम के भाई लामण की जान बचाने के लिए संजीवनी बूटी लाकर किया था। कोरोना के खिलाफ इस जंग में यह पहला मौका नहीं है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नेतृत्व की क्षमता दिखाई हो। भारत में कोरोना वायरस की आहट पाते ही मोदी ने सबसे पहले 'ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स' का गठन कर दिया। स्वास्थ्य मंत्रालय हर रोज एडवाइजरी जारी करता रहा। संगठन जब तक इसे महामारी घोषित करता भारत में पूरे सरकारी तंत्र और नागरिक सतर्क हो चुके थे। उधर इस महामारी से निपटने के लिए पीएम मोदी दुनिया भर के देशों को साथ लाने में जुट गए। उनकी इस मुहिम को कई देशों का साथ मिला। मोदी ने सबसे पहले सार्क देशों को साथ आने की अपील की। इसका असर ये हुआ कि सार्क देशों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस महामारी पर चर्चा की, ताकि इस पूरे उप महाद्वीप को महामारी से बचाया जा सके। इसके बाद पीएम मोदी ने जी–२० देशों को साथ लाने की कोशिश में जुटे। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर ही पहले जी–७ और फिर जी–२० देशों की बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि इस आपदा से सामूहिक तौर पर निपटना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल की कई देशों ने खुल मन से प्रशंसा की॥। दुनिया को एकजुट करने के साथ–साथ प्रधानमंत्री मोदी अपने मुल्क के लोगों को भी इस महामारी से बचाने के लिए कठोर कदम उठाने से नहीं चूके। पीएम की अपील ने कोरोना के खिलाफ पूरे देश को एकजुट कर दिया। देश में २१ दिनों के लॉक–डाउन के ऐलान के बाद पीएम ने देशवासियों से कोरोना के कर्मवीरों के समर्थन में अपनी–अपनी बालकनी से ताली और थाली बजाने की अपील की। इसके बाद उन्होंने नौ मिनट तक अपने घर की बत्तियां बुझाकर दरवाजे पर दीया, मोमबत्ती या स्मार्टफोन की फ्लैशलाइट जलाने के लिए कहा। इसके पीछे उनकी सिर्फ एक सोच थी और वो थी कोरोना के खिलाफ देश को एकजुट करना। पीएम की इस अपील पर पूर देश एकजुट नजर आया॥। पीएम के थाली और ताली बजाने का आइडिया न सिर्फ देश में बल्कि

विदेशों में भी हिट रहा। अमेरिका और ब्रिटेन सरीखे देशों में लोगों ने कुछ इसी अंदाज में स्वास्थ्यकर्मियों का हौसला बढ़ाया। हालांकि पीएम के इस कदम को सियासी विरोधियों ने सुर्खियां बटोरने की आदत और गरीबों के साथ निर्मम मजाक करार दिया गया। लेकिन पीएम मोदी पर इन आलोचनाओं का कोई फर्क नहीं पड़ा और वो अपनी मुहिम में जुटे रहे। देश की जनता का जिस तरह साथ मिल रहा है, कम–से–कम एक बात तो साफ है कि वह लोगों का मिजाज समझते हैं। साथ ही जानते हैं कि इस समय देश की बड़ी आबादी अपने रहनुमा के कहे अनुसार ही चलेगी। कोरोना के खिलाफ उठाए गए कठोर कदमों की विश्व स्वास्थ्य संगठन भी तारीफ कर चुका है। ॥ संगठन के कार्यकारी निदेशक माइकल जे रेयान कह चुके हैं कि भारत ने साइलेंट किलर कही जाने वाली २ गंभीर बीमारियों मसलन 'स्मॉल पॉक्स' और 'पोलियो' के उन्मूलन में दुनिया का नेतृत्व किया। भारत में जबरदस्त क्षमता है और वो कोरोना के खात्मे में अहम भूमिका निभा सकता है। दुनियाभर तमाम देशों के नेताओं संग प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती का ही असर है कि दुनिया के कोने–कोने में भारतीय परंपरा असर दिखा रही है। कोरोना के हमले के बाद अब हर देश 'नमस्ते' कहने का भारतीय परंपरा का पालन कर रहा है। ताकि एक दूसरे के संपर्क में आने से बचा जा सके। यानी साफ है कि जब कोरोना से निपटने में तमाम विकसित देश पस्त नजर आ रहे हैं, तो मोदी ने अपने संकल्प और इरादों से साफ कर दिया कि उनमें न सिर्फ १.३० अरब की आबादी वाले भारत, बल्कि पूरी दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता है। कुल मिलाकर कोरोना के कहर के बीच पीएम मोदी एक ऐसे ग्लोबल लीडर बन कर उभरे हैं, जिन पर पूरी दुनिया की नजर ह। (लेखक भारतीय जनता पार्टी से संबद्ध हैं। लेख में व्यक्त विचार निजी हैं दुनियाभर तमाम देशों के नेताओं संग प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती का ही असर है कि दुनिया के कोने–कोने में भारतीय परंपरा असर दिखा रही है। कोरोना के हमले के बाद अब हर देश 'नमस्ते' कहने का भारतीय परंपरा का पालन कर रहा है। ताकि एक दूसरे के संपर्क में आने से बचा जा सके। यानी साफ है कि जब कोरोना से निपटने में तमाम विकसित देश पस्त नजर आ रहे हैं, तो मोदी ने अपने संकल्प और इरादों से साफ कर दिया कि उनमें न सिर्फ १.३० अरब की आबादी वाले भारत, बल्कि पूरी दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता है

---

Live हिन्दुस्तान.com

***Date:11-04-20***

# विश्व स्तरीय खतरे

**संपादकीय**

समस्याएं जब विश्व स्तर की हों, तो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से उम्मीदें बढ़ जाती हैं। और फिर कोरोना वायरस से पैदा हुआ संकट सिर्फ विश्व स्तर की आपदा नहीं है, बल्कि पूरी मानवता पर छाया सदी का सबसे बड़ा संकट है। यह ठीक है कि इस पूरे दौर में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने काफी सक्रियता दिखाई है। हालांकि इसे लेकर भी कई विवाद उभरे हैं, जो बताते हैं कि संकट के समय में भी एक तरफ कुछ ताकतें मौके का फायदा उठाने से नहीं चूक रहीं, तो दूसरी तरफ कुछ जगह हालात काबू से बाहर होने पर जो हताशा है, वह परेशान करने वाली है। खासकर इस बीच चीन और ताईवान के बीच जो विवाद उभरा है, कुछ नाजुक मोर्चों पर नए संकट उभरने के खतरे भी खड़े हैं। पिछले कुछ समय में कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, जैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन में चीन का दबदबा बढ़ा है। ताईवान का आरोप है कि जिस समय उस पर कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है, संगठन उससे सौदेबाजी कर रहा है। यह सच है कि आस-पास के दूसरे देशों के मुकाबले ताईवान ने इस खतरे पर काबू पाने में ज्यादा कामयाबी हासिल की है, मगर उसका कहना है कि इस पूरे दौर में संगठन ने उसे नजरअंदाज कर दिया है। इस झगड़े में चीन भी कूद पड़ा है, जो दरअसल ताईवान को अपना एक

अभिन्न अंग मानता है, अलग देश नहीं। पिछले दिनों जब अमेरिकी राष्ट्रपति विश्व स्वास्थ्य संगठन के खिलाफ गरजे थे, तब इसका एक कारण ताईवान भी था, जिसे हमेशा से अमेरिकी संरक्षण मिलता रहा है।

बात सिर्फ इस तनाव की ही नहीं है, जिस तरह का संकट है, उसमें भी यह उम्मीद की जा रही थी कि खुद संयुक्त राष्ट्र आगे आकर पहल करेगा और देशों के बीच संवाद एवं समन्वय का सिलसिला शुरू होगा। देर से ही सही, संयुक्त राष्ट्र ने भी इस जरूरत को समझा और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी देशों के प्रतिनिधियों का एक सम्मेलन किया। इस संगठनके इतिहास में शायद यह इस तरह का पहला सत्र होगा, जहां सभी देशों के स्थाई प्रतिनिधियों ने अपने घर से ही भाग लिया। इस पूरे सत्र की कार्यवाही गोपनीय रखी गई, इसलिए हम नहीं जानते कि वहां कौन से मसले रखे गए, किसने क्या कहा। पर सत्र के बाद संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने जो बयान जारी किया, वह बताता है कि संयुक्त राष्ट्र मामले की गंभीरता को ही नहीं, उसके दूरगामी नतीजों को भी अच्छी तरह समझने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूरी एक पीढ़ी की लड़ाई है और पूरी दुनिया पर अस्थिरता का खतरा मंडरा रहा है। इसका असर विश्व शांति और सुरक्षा पर भी पड़ सकता है। साथ ही, उन्होंने यह चेतावनी भी दी है कि आतंकवादी संगठन इन हालात का फायदा उठा सकते हैं।

आज दुनिया के जो हालात हैं, उनमें इन चेतावनियों का मतलब आसानी से समझा जा सकता है। पूरी दुनिया में हर जगह अर्थव्यवस्था ठप है और बडे पैमाने पर बेरोजगारी फैल रही है। अमेरिका में हर दस में से एक आदमी इस महामारी के कारण बेरोजगार हो चुका है। ऐसे ही हालात दूसरे देशों में भी हैं। सबसे बड़ी बात है कि दुनिया का शक्ति संतुलन बिगड़ता हुआ दिख रहा है। यह पिछली आधी सदी का पहला ऐसा संकट है, जिसमें अमेरिका दुनिया को नेतृत्व देने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। चीजें जिस तरह से बिगड़ रही हैं, उसमें संयुक्त राष्ट्र ही एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।